# कलेक्टर की डांट का सफाई कर्मचारियों पर दिखा असर

- सिलवासा नपा सीओ नितिन जिदंल सफाई कर्मचारियों की फौज के साथ खुद उतरे मैदान में
- अवैध तरीके दबान करने वाले लारी-गल्ले वालों पर भी सीओ ने की कार्यवाही



सिलवासा 4 नववंर, असली आजादी संवाददाता। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के सिलवासा शहर में सफाई को लेकर सिलवासा नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही कोताही को लेकर सफाई कर्मचारियों तथा नगरपालिका अधिकारियों को कलेक्टर की डांट मिलने के बाद आज सुबह से ही सिलवासा की सडकों पर सिलवासा नगरपालिका सीओ नितिन जिंदल खुद अपने सफाई कर्मचारियों की फौज के साथ शहर का कचरा साफ करने सिलवासा की सडकों पर उतरे और शहर के अत्यधिक गंदगी वाले स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ भारत के साथ सुन्दर सिलवासा, स्वच्छ सिलवासा का संदेश दिया।

संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के सिलवासा नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के 8 साल पहले ही 'स्वच्छ सिलवासा सुन्दर सिलवासा' का अभियान चलाया गया था लेकिन इस अभियान को निभाने की जिम्मेदारी जिन सफाई कर्मचारियों के कंधों पर रखी गई थी उनकी आना-कानी ने सिलवासा शहर को उतना स्वच्छ नहीं रख सका जितना कि लोगों की आकांक्षाएं थी। लेकिन दादरा नगर हवेली के कलेक्टर जी. एस. मीणा ने स्वच्छता अभियान को बडे ही गंभीरता से लिया। यही कारण है कि शहर की स्वच्छता के लिए उन्होंने सफाई कर्मचारियों को बर्खास्त कर देने की चेतावनी दे डाली। कलेक्टर को दिये अपने भरोसे को पूरा करने के लिए आज सिलवासा नगर पालिका के सीओ नितिन जिंदल खुद सिलवासा की सडकों पर सफाई कर्मचारियों की फौज लेकर उतरे और उन्होंने सिलवासा बस स्टैण्ड के साथ साथ पूरे टोकरखाडा क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। सिलवासा नगर पालिका के सीओ नितिन जिंदल ने बताया कि सिलवासा नगरपालिका पूरे सिलवासा शहर में विशेष सफाई अभियान चलायेंगी और आज टोकरखाडा में इसी तरह से सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा अवैध तरीके से लारी-गल्ला लगाकर ट्राफिक जाम और गंदगी करने वाले हॉकरों के ऊपर भी नगरपालिका द्वारा कार्यवाही कर उन्हें भगाया गया। नितिन जिंदल ने बताया कि जिस तरह से आज टोकरखाडा में सफाई तथा अवैध हॉकरों के ऊपर कार्यवाही की गई है उसी तरह शहर के अन्य हिस्सों में भी सफाई अभियान चलाया जायेगा। नितिन जिंदल ने कहा कि नगरपालिका जितनी भी कोशिश सफाई को लेकर कर ले लेकिन जब तक सिलवासावासियों का इस अभियान में साथ नहीं मिलता है तब तक पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य नहीं प्राप्त किया जा सकता है। नितिन जिंदल ने सभी सिलवासावासियों से अनुरोध किया कि बिना वजह इधर उधर गंदगी न फेंके और अपने आसपास साफ-सुथरा रखने की कोशिश करें।